CLASS : 10th (Secondary)

**Series : Sec/Annual Exam.-2024**

रोल नं०

C143159

# Code No. 1101

**SET : C**

## हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 तथा प्रश्न 13 हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये कोड नम्बर तथा सेट को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*



https://www.haryanaboard.com

## खण्ड – क

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : 2 × 7 = 14

(क) मुहावरे/लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) गले मढ़ना।

(ii) अपना हाथ जगन्नाथ।

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए।

(ग) दोहा छंद की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए।

(घ) सम्बन्ध तत्पुरुष समास किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) आशीर्वाद, सुषुप्ति (सन्धि-विच्छेद कीजिए)।

(च) सहोदर, निष्कलंक (उपसर्ग छाँटिए)।

(छ) अतिथि, मोक्ष (*दो-दो* पर्यायवाची शब्द लिखिए)।

**2.** निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) भारतीय किसान

(ख) विज्ञान के बढ़ते चरण

(ग) राष्ट्रभाषा हिन्दी

(घ) परीक्षा में नकल प्रवंचना या आत्मवंचना

(ङ) काला धन

C143159
C143159
C143159



https://www.haryanaboard.com

C143159

3. जीव-जन्तुओं के प्रति दया की भावना दर्शाते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

विद्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

C143159

## खण्ड - ख

4. *'क्षितिज भाग-2'* (काव्य खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित विकल्प* चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(क) कवि ने फसल को किसकी महिमा कहा है ?

(i) नदियों के पानी की (ii) हाथों के स्पर्श की

(iii) मिट्टी की (iv) सूरज की किरणों की

(ख) 'उत्साह' कविता में बादलों में क्या छिपा हुआ है ?

(i) कालापन (ii) कोहरा

(iii) गर्जन (iv) वर्षा

(ग) मुख्य गायक के भारी स्वर का क्या उपमान दिया है ?

C143159

(i) समुद्र (ii) चट्टान

(iii) ज्वार-भाटा (iv) बादल राग

(घ) 'गुर चाँटी ज्यों पागी' - यहाँ 'गुर' का अर्थ है :

(i) गुरु (ii) बड़ा

(iii) गुड़ (iv) गुर सिखाना



https://www.haryanaboard.com

(ङ) तुलसीदास ने 'भृगुकुल केतु' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है ?

(i) परशुराम (ii) वशिष्ठ

(iii) विश्वामित्र (iv) जनक

(च) 'आत्मकथ्य' कविता में गुन-गुनाकर अपनी कहानी कौन कहता है ?

(i) कवि (ii) मधुप

(iii) कोकिल (iv) खिलते फूल

**5.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

*यह तुम्हारी दंतुरित मुसकान*
*मृतक में भी डाल देगी जान*

*धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ..........*
*छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात*
*परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,*
*पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण*

***प्रश्न :***

(i) पाषाण पिघलने से क्या तात्पर्य है ?

(ii) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(iii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।



https://www.haryanaboard.com

(iv) मृतक में जान डालने से क्या अभिप्राय है ?

(v) 'जलजात' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

**6.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 3

*जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जकरी।*
*सुनत जोग लागत है ऐसो, ज्यौं करुई ककरी।*
*सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।*
*यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी।।*

**7.** (क) जयशंकर प्रसाद आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते हैं ? 3

(ख) 'उत्साह' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

## खण्ड - ग

**8.** *'क्षितिज भाग-2'* (गद्य खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित विकल्प* चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : https://www.haryanaboard.com $1 \times 6 = 6$

(क) 'नरकट' नामक घास डुमराँव गाँव में किस नदी के पास पाई जाती है ?

(i) गंगा (ii) सोन

(iii) नर्मदा (iv) यमुना

(ख) संसार के मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न किसने देखा ?

(i) लेनिन (ii) गाँधी

(iii) मार्क्स (iv) नेहरू



https://www.haryanaboard.com

C143159

(ग) नवाब साहब ने खीरे को कैसी नज़र से देखा ?

(i) लालची
(ii) नवाबी
(iii) खोई-खोई
(iv) सतृष्ण

(घ) नेताजी की मूर्ति पर सरकण्डे का चश्मा देखकर हालदार साहब कैसे खड़े हो गए ?

(i) झुककर
(ii) अटेंशन
(iii) हतप्रभ
(iv) हाथ जोड़कर

(ङ) बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब तक चलती थीं ?

(i) फागुन
(ii) कार्तिक
(iii) वैशाख
(iv) सावन

(च) मन्नू भण्डारी ने धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति किसमें बताई है ?

(i) भगवान में
(ii) अपने पिता में
(iii) अध्यापिका में
(iv) अपनी माँ में

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

आज से पचास साल पहले अजमेर जैसे शहर में चारों ओर से उमड़ती भीड़ के बीच एक लड़की का बिना किसी संकोच और झिझक के यों धुआँधार बोलते चला जाना ही इसके मूल में रहा हो। पर पिता जी ! कितनी तरह के अन्तर्विरोधों के बीच जीते थे वे ! एक ओर 'विशिष्ट' बनने और बनाने की प्रबल लालसा तो दूसरी ओर अपनी सामाजिक छवि के प्रति भी उतनी ही सजगता। पर क्या यह संभव है ? क्या पिता जी को इस बात का बिल्कुल भी अहसास नहीं था कि इन दोनों का तो रास्ता ही टकराहट का है ?



https://www.haryanaboard.com

*प्रश्न :*

(i) धुआँधार भाषण किसके द्वारा दिया जा रहा था ?

(ii) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(iii) अजमेर में भीड़ क्यों उमड़ रही थी ?

(iv) पिताजी के किन अन्तर्विरोधों का उल्लेख किया गया है ?

(v) दोनों बातों को टकराहट का रास्ता क्यों कहा है ?

**10.** रामवृक्ष बेनीपुरी *अथवा* यशपाल का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए। 5

**11.** (क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) 'लखनवी अंदाज' पाठ में निहित व्यंग्य भाव स्पष्ट कीजिए। 2

खण्ड – घ

**12.** *'कृतिका भाग-2'* के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 + 3

(क) 'मैं क्यों लिखता हूँ' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'माता का अंचल' पाठ में लेखक का नाम तारकेश्वरनाथ से भोलानाथ कैसे पड़ा ?

(ग) 'साना-साना हाथ जोड़ि........' पाठ के माध्यम से लेखिका क्या दर्शाना चाहती है ?



https://www.haryanaboard.com

## खण्ड - ङ

13. (क) *'नैतिक शिक्षा'* (पाठ्य-पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित विकल्प* चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 4

(I) भारतीय ऋषियों ने विश्व-कल्याण की कामना हेतु क्या लिखा है ?

(i) सर्वे भवन्तु सुखिनः (ii) सर्वे संतु निरामयाः

(iii) सर्वे भद्राणि पश्यन्तु (iv) उपर्युक्त सभी

(II) 'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय।

औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।।' - इस दोहे के रचयिता कौन हैं ?

(i) रैदास (ii) तुलसीदास

(iii) कबीरदास (iv) मलूकदास

(III) मनुबाई (लक्ष्मीबाई) किस आयु में वैवाहिक बन्धन में बँधी ?

(i) 6 वर्ष (ii) 8 वर्ष

(iii) 10 वर्ष (iv) 12 वर्ष

(IV) 'बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय' के संस्थापक कौन थे ?

(i) जवाहरलाल नेहरू (ii) स्वामी दयानंद

(iii) मदनमोहन मालवीय (iv) सरोजिनी नायडू

(ख) एकलव्य की कौन-सी विशेषताएँ आपको अच्छी लगीं और क्यों ? 3

(ग) मैत्रेयी ने किस मार्ग को अपनाया ? 3

https://www.haryanaboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.haryanaboard.com